## संपादकीय

# रास्ता तो यही है

किसी प्रयास को शुरुआत में ही अगर-मगर लगा कर खारिज करना उचित नजरिया नहीं है। मुद्दा यह है कि अगर भारत जनतंत्र है- या इसे जनतंत्र बने रहना है- तो क्या वह जन से बिना जुड़े कायम और जीवंत रह सकता है?

राहुल गांधी अपने साथी यात्रियों के साथ लंबी पद यात्रा पर निकल चुके हैं। इसका क्या हासिल होगा- इस बारे में अभी कुछ कहना बेमतलब होगा। लेकिन यह ध्यान में रखना चाहिए कि जब कोई प्रयोग होता है, तो उसका परिणाम मालूम नहीं रहता। नाकाम प्रयोगों की संख्या कभी कम नहीं रहती। लेकिन उनके बीच से ही कोई आविष्कार भी होता है। इसलिए किसी प्रयास को शुरुआत में ही अगर-मगर लगा कर खारिज करना उचित नजरिया नहीं है। मुद्दा यह है कि अगर भारत जनतंत्र है- या इसे जनतंत्र बने रहना है- तो क्या वह जन से बिना जुड़े कायम और जीवंत रह सकता है? भारतीय राजनीति की समस्या ही यही रही है कि बीते चार-पांच दशकों से आरएसएस-भाजपा को छोड़ कर बाकी धाराओं के नेताओं ने जनता से खुद को काट लिया। एसी और सोफे की संस्कृति की राजनीति इतनी हावी हुई कि नेता सिर्फ ऊंचे मंच से ही जनता को देखते रहे। जनता क्या सोचती है, उसके मन में क्या है, ये बात राजनेताओं के लिए महत्त्व खोती चली गई। तो धीरे-धीरे आम जन की नजर में नेताओं और उनकी पार्टियों का महत्त्व भी घटता चला गया। इसीलिए राहुल गांधी का जनता के बीच लौटना महत्त्वपूर्ण है।

इसे उन्होंने उचित ही तपस्या कहा है। अब तपस्या उतनी ही सफल होती है, जितनी पवित्रता के साथ उसे निभाया जाता है। बहरहाल, पवित्रता भंग होने के बाद दोबारा उसे हासिल करने की गुंजाइश भी हमेशा बनी रहती है। असल बात इरादे की होती है। यह तो अवश्य स्वीकार किया जाएगा कि भारत जोड़ो यात्रा के साथ कांग्रेस और इससे जुड़े जन संगठनों ने एक इरादा दिखाया है। उन्होंने उस भारत को साकार करने इरादा जताया है, जिसकी अवधारणा स्वतंत्रता संग्राम के दिनों में जन्मी थी। अगर वे जनता की बात सुन पाए और उसके मुताबिक अपने आगे के कार्यक्रमों और नीतियों को ढाल पाए, तो ऐसा होना असंभव नहीं है। यह याद रखना चाहिए कि जनतांत्रिक विकल्प का उदय हमेशा जनता के बीच से ही होता। ये विकल्प कैसा होगा- या इसका उदय होगा भी या नहीं, ये सवाल अभी अहम नहीं है। अभी सिर्फ यह अहम है कि एक नई शुरुआत की गई है।

# ट्राई ने जारी किया सख्त आदेश, अब मोबाइल कंपनियों को देना होगा 30 दिन वाला प्लान



**नई दिल्ली।** मोबाइल यूजर्स के लिए एक बड़ी अपडेट है। दरअसल बात ये है कि टेलीकॉम रेगुलेटर ट्राई ने एक नया आदेश जारी किया है। इस आदेश के तहत अब टेलीकॉम कंपनियों को हर हाल में 30 दिनों वाला कम से कम एक प्लान ऑफर करना ही होगा। मोबाइल कंज्यूमर्स द्वारा मिल रही लगातार शिकायतों के बाद ट्राई ने यह फैसला किया है।

ट्राई ने जारी किया निर्देश

मीडिया में चल रही खबरों की मानें तो ट्राई ने इस संबंध में टेलीकॉम कंपनियों को एक निर्देश भी जारी किया था। इस निर्देश के मुताबिक टेलीकॉम कंपनियों को प्लान वाउचर और रिन्यूअल कटेगरी में कम से कम एक ऐसा टैरिफ प्लान लाना होगा जिसकी वैलिडिटी 30 दिनों की हो। बता दें कि अगर महीने के हिसाब से देखें तो फिलहाल लगभग सभी कंपनियों द्वारा जो भी प्लान ग्राहकों के लिए हैं उनकी समय सीमा अधिकतम 28 दिनों की होती है।

**हर हाल में जारी करना होगा 30 दिनों वाला प्लान-** ग्राहकों की लगातार मिल रही शिकायत के बाद ट्राई ने सभी कंपनियों से बात की और उनसे सलाह मशविरे के बाद ट्राई द्वारा यह आदेश जारी किया गया है। जारी किए गए इस आदेश के मुताबिक टेलीकॉम सर्विस प्रोवाइडर को हर हाल में 30 दिन वैधता वाला रीचार्ज कूपन और स्पेशल वाउचर ऑफर करना होगा।

**अलग अलग कंपनियों में ये है प्लान-** अगर अलग अलग कंपनियों के प्लान की बात करें तो एयरटेल की 30 दिनों की वैलिडिटी वाला प्लान 128 रुपये का है, जबकि उसी तारीख को अगले महीने रिन्यूअल वाले प्लान का टैरिफ 131 रुपये का है। रिलायंस जियो की 30 दिनों की वैलिडिटी वाला प्लान 296 रुपये का है, जबकि अगले महीने उसी तारीख को रिन्यूअल वाले प्लान का टैरिफ 259 रुपये है। वोडाफोन आइडिया की 30 दिनों की वैलिडिटी वाला प्लान 137 रुपये का है, जबकि अगले महीने उसी तारीख को रिन्यू होने वाला प्लान 141 रुपये का है। बीएसएनएल का 30 दिनों का प्लान 199 रुपये का है, जबकि एक महीने की वैलिडिटी वाला प्लान 229 रुपये का है। एमटीएनएल का 30 दिनों वाला प्लान 151 रुपये का है, जबकि एक महीने यानी अगले महीने सेम डेट रिन्यूअल वाला प्लान 97 रुपये का है।

# एक्सआर स्टार्टअप कार्यक्रम शुरू



**नई दिल्ली ।** इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (माइटी) और मेटा की एक पहल माइटी स्टार्टअप हब (एमएसएच) ने देश भर में एक्सआर प्रौद्योगिकी स्टार्टअप्स को समर्थन और गति देने के लिए आज एक्सीलेटर कार्यक्रम के शुभारम्भ का ऐलान किया।

एक्सआर स्टार्टअप कार्यक्रम मेटावर्स के लिए कौशल और तकनीकी क्षमताओं के विकास पर जोर देती है और इससे देश में अगमेंटेड रियल्टी (एआर) और वर्चुअल रियल्टी सहित इन उभरती हुई प्रौद्योगिकियों के लिए इकोसिस्टम को आकार देने में सहायता मिलेगी।

इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी, कौशल विकास और उद्यमिता राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने इस मौके पर कहा, यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अगले 10 साल को भारत के टेकेड- युवा भारतीयों के लिए अवसरों से परिपूर्ण बनाने के विजन को हासिल करने के लिहाज से एक महत्वपूर्ण दिन है। यह मेटावर्स के क्षेत्र में भी एक अहम मील का पत्थर है, जो इंटरनेट के उभरते भविष्य का एक अहम हिस्सा है। मैं मेटा के साथ भागीदारी होने की उम्मीद करता हूं और साथ ही आशा करता हूं कि इससे भारत को 2025 तक 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लिए सरकार के विजन के क्रम में भविष्य की प्रौद्योगिकियों में निवेश में बढ़ोतरी को प्रोत्साहन मिलेगा। वर्ष 2015 में लॉन्च हुए डिजिटल इंडिया प्रोग्राम ने कैसे नागरिकों के जीवन, शासन एवं लोकतंत्र में बदलाव किया, कैसे भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था को प्रोत्साहन दिया और कैसे उभरती हुई प्रौद्योगिकियों में प्रमुख क्षमताएं विकसित की का उल्लेख करते हुये उन्होंने कहा,पीएम के डिजिटल इंडिया विजन के मुताबिक, यह स्पष्ट है कि भारत अब ज्यादा समय तक प्रौद्योगिकी का सिर्फ एक उपभोक्ता बना रहने नहीं जा रहा है, बल्कि यह उभरती प्रौद्योगिकियों के उत्पादन में एक लीडर बनने जा रहा है।

# साइटसेवर ने मनाया पांच वर्ष पूरे होने का उत्सव

**नई दिल्ली।** साइटसेवर इंडिया ने नेशनल ट्रकर्स आई हेल्थ प्रोग्राम राही के पांच वर्ष पूरे होने का उत्सव मनाया जिसमें अंतरराष्ट्रीय स्तर के प्रसिद्ध अभिनेता और निर्देशक कबीर बेदी ने भी हिस्सा लिया जो साइटसेवर इंडिया के मानद ब्रैंड एंबेसडर भी हैं। इसके अलावा कार्यक्रम में सडक़ परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव अमित कुमार घोष ने भी हिस्सा लिया ।

राही का उद्देश्य यह रीफ्रैक्टिव एरर्स यानी अपवर्तन दोष से पीड़ित ट्रक ड्राइवरों को आसान तरीके से चश्मे दिलाए जा सके, वे उन्हें लगातार पहने और नियमित तौर पर आंखों की जांच कराते रहे। यह कार्यक्रम हब एंड स्पोक मॉडल के आधार पर काम करता है जिसके स्थिर विजऩ सेंटर (राही दृष्टि केंद्र) और आउटरीच कैंप मौजूद हैं। इन सेवाओं में आंखों की जांच, अपवर्तन, रक्तचाप की जांच, शरीर के वजऩ की जांच, मोतियाबिंद की जांच और आंखों की सेहत को लेकर काउंसिलिंग और रेफरल जैसी चीजें शामिल हैं।

# शॉपिंग मॉल्स में खुदरा बिक्री वित्त वर्ष 2027-28 तक हो सकती है 39 अरब डॉलर : नाइट फ्रैंक



**नई दिल्ली।** रियल एस्टेट क्षेत्र में परामर्श प्रदान करने वाली एजेंसी नाइट फ्रैंक इंडिया ने अनुमान लगाया है कि वित्त वर्ष 2027-28 में शॉपिंग मॉल्स में खुदरा बिक्री के 39 अरब डॉलर पहुंच जाने का अनुमान है। इस क्षेत्र ने कोविड महामारी से प्रभावित होने के बाद दोबारा रफ्तार पकड़ ली है।

नाइट फ्रैंक ने मंगलवार को जारी अपनी रिपोर्ट 'थिंक इंडिया, थिंक रिटेल 2022 – रीइन्वेंटिंग इंडियन शॉपिंग मॉल्स' में बताया कि भारत के प्रमुख आठ शहरों में व्यवस्थित खुदरा बिक्री की मात्रा 17 प्रतिशत चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) से बढक़र वित्त वर्ष 2027-28 तक 136 अरब डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। वित्त वर्ष 2021-22 में यह 52 अरब डॉलर थी। एजेंसी ने कहा,इसी अवधि में भारतीय शॉपिंग मॉल्स में संभावित खुदरा बिक्री के 29 प्रतिशत चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर से बढ़ने का अनुमान है जो वित्त वर्ष 2027-28 तक 39 अरब डॉलर हो सकती है।

नाइट फ्रैंक इंडिया के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक शिशिर बैजल ने कहा कि खुदरा अचल संपत्ति क्षेत्र परिपच्ता के एक नए स्तर पर पहुंच गया है जहां छोटे आकार और निम्न ग्रेड में विकास, ग्रेड ए मॉल को रास्ता दे रहे हैं।

श्री बैजल ने कहा,मौजूदा ग्रेड ए मॉल की 95 प्रतिशत से अधिक उपस्थिति है जो इस क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण रियल एस्टेट की मांग का संकेत है। यह देखते हुए कि खुदरा मॉल अनुभवात्मक हैं, भविष्य में इसमें और अधिक विकास का हिस्सा बनाना चाहेंगे।

लंदन स्थित रियल एस्टेट परामर्श एजेंसी की भारतीय शाखा ने कहा कि भारत के पूर्वी और उत्तरी क्षेत्रों में मार्च 2022 में पूर्व-महामारी के स्तर को पार करके नई ऊंचाइयों तक पहुंचने वाले आंकड़ों में मजबूत सुधार देखा गया। रिपोर्ट में कहा गया कि पूर्वी क्षेत्र में जबरदस्त इजाफा देखा गया जो मार्च 2019 के आधार अंक 100 से मार्च 2022 में 123 अंक पर पहुंच गया।

# भारत ने इंग्लैंड को बुरी तरह हराकर टी20 सीरीज में की बराबरी, स्मृति मंधाना ने खेली तूफानी पारी



नई दिल्ली ,14 सितंबर। भारत और इंग्लैंड की महिला क्रिकेट टीम के बीच तीन मैचों की टी20 इंटरनेशनल सीरीज खेली जा रही है। इस सीरीज का पहला मुकाबला मेजबान इंग्लैंड टीम ने जीता था, लेकिन मंगलवार 13 सितंबर को भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने सीरीज का दूसरा मुकाबला जीतकर तीन मैचों की टी20आई सीरीज में बराबरी कर ली। इस मैच में स्मृति मंधाना ने तूफानी पारी खेली, जिसके दम पर भारत को 8 विकेट से जीत मिली।

मुकाबल की बात करें तो इंग्लैंड की टीम ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी चुनी थी। इंग्लैंड की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 142 रन बनाए थे। मेजबानों की तरफ से 51 रन की पारी फ्रेया केम्प ने खेली, जबकि 34 रन मैया बाउचियर ने बनाए। इनके अलावा कोई और बल्लेबाज इंग्लिश टीम की तरफ से खास कमाल नहीं दिखाया। भारत की तरफ से 3 विकेट स्नेह राणा को मिले, जबकि 1-1 विकेट रेनुका सिंह और दीप्ति शर्मा को मिले।

वहीं, 143 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम को अच्छी शुरुआत मिली। हालांकि, शेफाली वर्मा 20 रन बनाकर आउट हो गईं, लेकिन तब तक पावरप्ले में टीम ने 55 रन बना लिए थे। भारत का दूसरा विकेट 77 रन पर गिरा, जब दयालन हेमलता 9 रन बनाकर आउट हो गईं। इसके बाद ओपनर स्मृति मंधाना और कप्तान हरमनप्रीत कौर के बीच अटूट साझेदारी हुई और टीम ने 16.4 ओवर में लक्ष्य को हासिल कर लिया।

बाएं हाथ की ओपनर स्मृति मंधाना ने 53 गेंदों में 13 चौकों की मदद से नाबाद 79 रन की तूफानी पारी खेली, जबकि कप्तान हरमनप्रीत कौर 22 गेंदों में 29 रन बनाकर नाबाद लौटीं। इंग्लैंड की टीम ने पहला मुकाबला 9 विकेट से जीता था। अब दोनों टीमों के बीच सीरीज का निर्णायक मैच 15 सितंबर को ब्रिस्टल में खेला जाएगा। वहीं, इसके बाद दोनों देशों के बीच तीन मैचों की वनडे इंटरनेशनल सीरीज खेली जाएगी।

# भारत दौरे से पहले ऑस्ट्रेलिया को लगा बड़ा झटका, ये 3 खिलाड़ी हुए टीम से बाहर



**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया में अगले महीने से शुरू होने वाले आईसीसी टी20 विश्व कप से पहले मेजबान टीम कोई जोखिम नहीं लेना चाहती। यही वजह है कि ऑस्ट्रेलियाई टीम के तीन प्रमुख खिलाड़ी भारत के अपने आगामी दौरे से बाहर हो गए हैं। एक तरह से ऑस्ट्रेलियाई टीम की टी20 वर्ल्ड कप 2022 की तैयारियों को ये झटका लगा है।

अनुभवी तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क (घुटने) और प्रमुख ऑलराउंडर मिचेल मार्श (टखने) और मार्कस स्टोइनिस (साइड) चोट के कारण भारत दौरे पर नहीं आएंगे। हालांकि, 22 अक्टूबर में न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया के शुरुआती मैच के लिए इनके फिट होने की उम्मीद है।

चोटिल खिलाडिय़ों को रिप्लेस करने वाले खिलाडिय़ों का भी ऐलान क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने कर दिया है। 15 सदस्यीय टीम में तेज गेंदबाज नाथन एलिस, डैनियल सैम्स और सीन एबॉट की एंट्री हो गई है। ये तीन खिलाड़ी तीन मैचों की टी20 सीरीज से पहले इस सप्ताह के अंत में भारत के लिए उड़ान भरने के लिए तैयार हैं।

स्टोइनिस के चोटिल होने से टिम डेविड के लिए ऑस्ट्रेलिया की टीम के लिए इंटरनेशनल क्रिकेट में डेब्यू करने का मार्ग प्रशस्त हो सकता है, जबकि अनुभवी बल्लेबाज स्टीव स्मिथ को मिचेल मार्श की अनुपस्थिति में प्लेइंग इलेवन में जगह मिल सकती है, जिन्हें माना जा रहा था कि वे ड्रॉप किए जाएंगे।

ऑस्ट्रेलिया की टीम इस प्रकार है

एरोन फिंच (सी), सीन एबॉट, एश्टन एगर, पैट कमिंस, टिम डेविड, नाथन एलिस, कैमरन ग्रीन, जोश हेज़लवुड, जोश इंगलिस, ग्लेन मैक्सवेल, केन रिचर्डसन, डेनियल सैम्स, स्टीव स्मिथ, मैथ्यू वेड और एडम जैम्पा।

# कंगना रनौत की तेजस की रिलीज टली, जनवरी में आएगी फिल्म



अभिनेत्री कंगना रनौत अपने दम पर फिल्मों को हिट कराने का माद्दा रखती हैं। वह बहुप्रतीक्षित फिल्म तेजस में नजर आएंगी। फिल्म दशहरा के खास अवसर पर 5 अक्टूबर को रिलीज होने वाली थी। अब ऐसी चर्चा है कि फिल्म की रिलीज टल गई है। खबरों की मानें तो मेकर्स इसे अगले साल जनवरी में दर्शकों के बीच ला सकते हैं। हालांकि, इस संबंध में आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है।

रिपोर्ट में दावा किया गया है कि तेजस की रिलीज डेट आगे बढ़ गई है। एक करीबी सूत्र ने कहा, फिल्म तेजस अक्टूबर में रिलीज होने वाली थी। चूंकि, फिल्म में बहुत वीएफएक्स है, इसलिए अब भी काफी काम बाकी है। हालांकि, बचा हुआ काम अधिक नहीं है, फिर भी इसमें कुछ समय लगेगा। फिल्म पर जल्दबाजी में काम करने से बचने के लिए रिलीज की तारीख को टालने का फैसला किया गया।

फिल्म की नई रिलीज डेट के बारे में विचार-विमर्श चल रहा है। सूत्र की मानें तो फिल्म को इस साल दिसंबर में या फिर अगले साल जनवरी में रिलीज किया जा सकता है। इसको लेकर सूत्र ने बताया, अभी तक एक भी तारीख को फाइनल नहीं किया गया है। रॉनी स्क्रूवाला का प्रोडक्शन हाउस आरएसवीपी इस फिल्म का निर्माण कर रही है। इसके निर्देशन का काम सर्वेश मेवाड़ा संभाल रहे हैं।

# मारीच से फिर फैंस को एंटरटेन करते दिखाई देंगे तुषार



बॉलीवुड एक्टर तुषार कपूर लंबे समय से बड़ी परदे से गायब चल रहे है। वहीं अब वह अपनी आगामी मूवी मारीच के साथ फैंस को एंटरटेन करने के लिए तैयार हो चुके है। तुषार बहुत जल्द एक थ्रिलर मूवी मारीच में दिखाई देने वाले है, इसमें वह एक खतरनाक पुलिस वाले के किरदार में नजर आने वाले है । थोड़े देर पहले मेकर्स ने मूवी का लोगो शेयर करते हुए इसका एलान कर दिया था। वहीं मूवी में उनके अलावा नसीरुद्दीन शाह भी नजर आएंगे, जो एक कैथोलिक पादरी के रोल में दिखाई देने वाले है।

खास बात बता दें कि मूवी में एक्टिंग के साथ साथ तुषार इसे प्रोड्यूस भी कर रहे हैं। जी हां, तुषार एंटरटेनमेंट के बैनर तले मूवी मैरिच को निर्माण होने जा रहा है। मूवी 9 दिसंबर को सभी सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। मूवी की कहानी और डायरेक्शन ध्रुव लाठर ने की है।

# 'दलिया उत्तपम'



नाश्ते के लिए कुछ हेल्दी ऑप्शन ढूंढ रहे हैं तो दलिया उत्तपम है इसके लिए बेस्ट। जो मिनटों में हो जाता है तैयार और पेट भी रखता है लंबे समय तक भरा-भरा।

## सामग्री :

1 कप दलिया, 1/4 कप सूजी, 1/2 कप दही, 1/2 कप प्याज बारीक कटा, 1/4 कप टमाटर बारीक कटा, 2 हरी मिर्च बारीक कटी, 1 टीस्पून नमक, 1/4 टीस्पून बेकिंग सोडा

## छौंक के लिए

1 टेबलस्पून तेल, 1/4 टीस्पून राई, 1/4 टीस्पून जीरा साबुत, 1 टीस्पून चना दाल, 1 टीस्पून धुली उड़द दाल, 7-8 करी पत्ते

## विधि :

- दलिया धोकर गर्म पानी में भिगो दें। 30 मिनट बाद पानी निथारकर इसे पीस लें।
- इसमें सूजी व दही मिलाकर उत्तपम जैसा घोल तैयार करें और 30 मिनट के लिए ढककर रख दें।
- अब छौंक के लिए तेल गर्म कर राई, जीरा चटकाएं और उसमें दोनों दालें मिला दें।
- दालें जब गुलाबी हो जाएं तो उसमें करी पत्ता डालें और घोल में इसे मिलाकर ढक दें। 5 मिनट बाद इसमें प्याज, टमाटर, हरी मिर्च, नमक, बेकिंग सोडा मिलाकर एकसार करें और घोल को तवे पर उत्तपम जैसा फैलाएं। उत्तपम के दोनों तरफ तेल लगाकर अच्छी तरह सेकें और सांभर और कोकोनट चटनी के साथ सर्व करें।

# शब्द सामर्थ्य- 194

**बाएं से दाएं**

1. कतार, क्रम, पांत 2. लज्जत, जायका 4. कारण, वजह 7. सुंदर प्रतीत होना, सुखद होना 8. घोड़े आदि का मल 9. अक्सर, ज्यादातर 10. चक्की में पीसना, मसलना, कुचलना 12. धनुष, फौजी टुकड़ी 13. आभूषण, जेवर 15. लहरों का चक्कर, जलावर्त, भ्रमर 17. बायां, विरुद्ध 18. गाना, नगमा 19. लाचार, विवश 22. नमन, प्रणाम 25. चौकी, थाना 26. इकरार, समझौता, ठेका 27. अधिकार होना, सामर्थ्य होना (मुहा.)।

**ऊपर से नीचे**

1. एक प्रदेश जिसकी राजधानी चंडीगढ़ है 2. हविर्दान के समय उच्चारित एक शब्द, भष्म 3. दन-दन करते हुए 5. बलशाली, बलवाला 6. परिवर्तित करना, पहले से भिन्न हो जाना 7. चांद, चंद्रमा, रजनीश 11. अप्रिय, अरुचिकर 14. मैं का बहुवचन 15. भंगेड़ी, भंग करने वाला, झाड़ू लगाने तथा मैला साफ करने वाला 16. मातृभूमि, स्वदेश 19. मक्खन, माखन 20. बुढ़ापा, धन, ज्वर 21. टालना, हटाना, बहाना करके हटाना 23. सीमा, हद 24. सौ का पाचंवा हिस्सा 25. घोड़े के पैरों में लगाने का लोहे का टुकड़ा, पौधे आदि का डंठल।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | ■ | 2 | 3 | ■ | 4 | 5 | 6 |
| | ■ | 7 | | | ■ | ■ | 8 | |
| 9 | | | ■ | 10 | | 11 | ■ | |
| ■ | ■ | 12 | | | ■ | 13 | 14 | |
| 15 | 16 | | ■ | ■ | ■ | 17 | | ■ |
| 18 | | ■ | 19 | 20 | | | ■ | 21 |
| ■ | 22 | 23 | | | ■ | ■ | ■ | |
| ■ | ■ | | ■ | ■ | 24 | ■ | 25 | |
| 26 | | | ■ | 27 | | | | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 193 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वि | ज | य | ■ | ब | नि | या | ■ | दे |
| वा | ■ | ती | त | र | ■ | रा | जी | व |
| ह | मा | म | ■ | स | प | ना | ■ | ता |
| ■ | न | ■ | ■ | ■ | टा | ■ | ■ | ■ |
| दा | व | त | ■ | वि | ना | श | ■ | अ |
| य | ■ | ह | त्या | ■ | ■ | ह | र्जा | ना |
| रा | ह | त | ■ | न | ज | र | ■ | व |
| ■ | वा | ■ | ■ | ■ | मी | ■ | ना | श्य |
| दु | ला | रा | ■ | जा | न | की | ■ | क |

# सू-दोकू- 194

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | | 1 | | 3 | |
| 1 | | 9 | | | | 5 | | |
| | | | 3 | | | | 1 | |
| | | 5 | | | | | | 3 |
| 3 | | | | | 2 | | 5 | |
| | | | | 3 | | | | 2 |
| | 4 | | | | | | 7 | |
| 7 | | 8 | | 1 | | 6 | | |
| | 6 | | 7 | | 9 | | | 1 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक रख सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.193 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

# आज का राशिफल

**मेष -** आज किस्मत आपके साथ रहने वाली है। कार्यक्षेत्र में कुछ नया सीखने की कोशिश करेंगे। कार्यालय या घर के काम धीरे-धीरे ही सही लेकिन समय रहते पूरा जरुर हो जाएंगे। कार्यक्षेत्र में लोग आपकी बातों को ध्यानपूर्वक सुनेंगे।

**वृष-** आज आपका दिन सुनहरा रहने वाला है। किसी खास काम से आपको यात्रा पर जाना पड़ सकता है। अगर आपके दोस्त परिवार के लोगो से कोई खुशखबरी मिल सकती है। जिससे घर का माहौल खुशनुमा बनेगा।

**मिथुन-** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। कामकाज में कई दिनों से चल रहा तनाव खत्म हो जायेगा। इस राशि के मालिकों को कई बुकिंग एक साथ मिल सकती है। किसी उलझी हुई स्थिति में अपनों से बातचीत करने से समाधान जरूर मिलेगा।

**कर्क-** आज आपका दिन ठीक-ठाक रहने वाला है। कार्यक्षेत्र में पहले से बनी प्लानिंग किसी अन्य के सामने न रखें। वरना कोई और इसका फायदा उठा सकता है। आप विवादों में पडऩे से बचें वरना बात सुलझने के बजाय उलझ सकती है।

**सिंह-** आज आपका दिन मिला जुला हो सकता है। रिश्तेदारों के साथ फोन पर बातचीत करते हुए ध्यान रखना होगा की कोई ऐसी बात न कहें जिससे तनाव की स्थिति बने। अपनी सूझ-बूझ से आप सभी व्यावसायिक समस्याओं को आसानी से हल कर सकेंगे।

**कन्या-** आज आपका दिन खुशियां लेकर आया है। अगर जीवनसाथी के साथ कई दिनों से मन-मुटाव चल रहा है तो, वो समाप्त हो जायेगा। अपना समय सकारात्मक कामों को करने में लगाएं। ऐसे मामलों में पडऩे से बचें जिनसे आपका कोई लेना-देना नहीं है।

**तुला-** आज आपका दिन मिला जुला रहेगा । सोच-विचार कर ही किसी बड़े फैसले को अंतिम रूप दें। कोई ऐसी बात आपके सामने आ सकती है जिससे आप परेशान हो सकते हैं। फिजूल खर्च करने से बचें।

**वृश्चिक-** आज आपका दिन खास रहने वाला है। परिवार के लिये कुछ अच्छा करने का दिन है। आपका कार्य अधिकारियों को खुश करने में कामयाब रहेगा। साहित्य से जुड़े लोगों के लिये दिन अच्छा है।

**धनु-** आज आपका दिन फायदेमंद रहने वाला है। पैसों का फायदा होने और कार्यक्षेत्र में कोई उपलब्धि मिलने का योग बन रहा है। आप शांत मन से काम करेंगे तो आपको काफी फायदा होगा।

**मकर-**आज आपका दिन अच्छा रहेगा। महत्वपूर्ण मामलों में दोस्तों से बातचीत हो सकती है। जिसमें उनका सहयोग आपको प्राप्त होगा। नये विचारों पर काम करने से आपको पूरा फायदा मिलेगा।

**कुंभ-**आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। अपनी इच्छाएं पूरी करने की कोशिश कारगर साबित होगी। आमतौर पर आप किसी बात का बुरा नहीं मानेंगे। परिवार में उलझा हुआ मामला आसानी से सुलझ जायेगा।

**मीन-** आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। पूरे दिन आपके चेहरे पर प्रसन्नता दिखेगी। कोई नया विचार आपको आर्थिक तौर पर फायदा दिलायेगा। बच्चों के साथ कहीं घूमने के लिये जायेंगे।